मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -215/2024
19 अगस्त 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

★ बड़ी बहन श्रीमती अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र
==========================

भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह और विश्वास का पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज बड़ी बहन श्रीमती अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की।

इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय स्नेह, आशीर्वाद एवं

शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी बहनों ने विधायक श्री बसंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके लम्बी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू श्री शिबू सोरेन, माता श्रीमती रूपी सोरेन, धर्मपत्नी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।
###
===========================
TeamPRD(CMO)